# FAIR REPORT

*THE DAWN OF A FEARLESS PEN*

Jaipur, Saturday, 09 May 2026

PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 234 Pages 04 | ₹3.00


## UAE-Pakistan tensions deepen amid reports of worker deportations

FAIR REPORT



**New Delhi:** Reports indicating that nearly 15,000 Pakistani workers have been deported from the United Arab Emirates over recent weeks have added a new dimension to the evolving strain in ties between Abu Dhabi and Islamabad.

While there has been no comprehensive official statement from either government confirming the scale of the expulsions, regional observers suggest the developments reflect growing unease within Gulf capitals over Pakistan's recent diplomatic positioning and economic instability.

The reported deportations come amid discussions surrounding Pakistan's external financial obligations, including concerns linked to outstanding liabilities and broader economic negotiations. Analysts view the situation as part of a wider recalibration in Gulf-Pakistan relations rather than an isolated labour issue.

At the same time, speculation has intensified regarding differences over regional security matters, particularly Pakistan's cautious public stance on tensions involving Iran and Gulf states. Diplomatic observers note that Gulf monarchies have increasingly sought clearer strategic alignment from regional partners during periods of heightened instability.

For Pakistan, the implications are significant. The Gulf region, especially the UAE, remains a major destination for overseas Pakistani workers and a crucial source of remittance inflows. Any large-scale disruption in labour mobility could place additional pressure on an economy already navigating inflation, debt obligations, and an ongoing reform framework linked to international lenders.

The human consequences are equally serious. Thousands of expatriate workers, many employed in low- and middle-income sectors, support families through remittances sent home regularly. Sudden employment disruptions risk deepening financial insecurity for households already affected by rising domestic economic pressures.

The developments underline how labour migration in the Gulf continues to remain closely tied to broader geopolitical and economic relationships. What may have begun as financial and diplomatic friction now appears to be acquiring wider strategic overtones, with ordinary workers emerging as the most immediate casualties of shifting regional equations.

## Rajasthan ATS arrests Punjab man in alleged espionage and terror-linked case

FAIR REPORT




**Jaipur:** The Rajasthan Anti-Terrorism Squad has arrested a Punjab resident for allegedly sharing sensitive information related to Border Security Force movements with handlers based in Pakistan, officials said.

According to investigators, the accused, identified as Gurwinder Singh, was allegedly recording and transmitting videos of BSF activities in border areas. The case emerged following surveillance by the ATS's Social Media Monitoring unit, which flagged suspicious online activity linked to the accused.

Officials said digital forensic examination of Singh's social media accounts revealed pro-Khalistan and pro-Pakistan content, along with alleged communication through Facebook Messenger with individuals believed to be associated with The Resistance Front, a banned organisation considered linked to Lashkar-e-Taiba.

Investigators claimed the recovered chats contained references to weapons, explosives, and possible operational discussions. Authorities also alleged that the accused circulated videos of Gurpatwant Singh Pannu, who has been designated as a terrorist by the Indian government.

Additional Director General of Police Dinesh MN said the digital evidence played a crucial role in tracing and apprehending the suspect in Punjab.

Officials described the case as indicative of evolving methods of espionage and radicalisation, where social media platforms and encrypted communications are increasingly being used for recruitment, propaganda dissemination, and intelligence gathering.

## Jaipur police bust alleged IPL betting racket operating from textile factory

FAIR REPORT

**Jaipur:** The Jaipur Police Commissionerate has busted an alleged illegal IPL betting operation functioning from the upper floor of a textile factory in the Malpura Gate area of Jaipur, officials said on Thursday.

Acting on specific inputs, the Crime Special Team conducted a raid at a factory premises in Mal ki Dhani and arrested six persons, including the factory owner, identified as Manohar. The other accused were identified as Uttam Saini, Rajendra, Rupal Bansal, Devendra, and Vikas Nagar.


Police said the accused were allegedly operating a betting network linked to ongoing Indian Premier League matches. During the raid, officials seized 21 mobile phones, four laptops, a Scorpio vehicle, three two-wheelers, and six handwritten registers reportedly containing financial records worth crores of rupees.

Investigators said preliminary interrogation suggested the betting operations were allegedly being managed through a Zoom ID linked to Ashok Gupta, a resident of Malviya Nagar, prompting further investigation into possible wider connections.

Officials said the operation was carried out under the supervision of Special Commissioner Omprakash. Police personnel including SI Sandeep Basera, ASI Kamal Dagar, and Constable Kumer Gurjar were part of the team involved in the raid.

## PM Modi to visit Somnath Temple on 75th anniversary of consecration

FAIR REPORT



**New Delhi:**Prime Minister Narendra Modi will visit the Somnath Temple on May 11 to mark the 75th anniversary of its consecration, describing the occasion as a moment of deep civilisational and spiritual significance.

In a letter addressed to the nation, the Prime Minister said the anniversary symbolised the enduring resilience of India's cultural and religious heritage. Referring to Somnath's long history of destruction and reconstruction, he noted that the temple stood as a testament to "the ceaseless struggle across generations to protect and rebuild this holy site."

The Somnath Temple occupies a distinctive place in India's post-Independence history. Following Independence, its reconstruction was strongly supported by Sardar Vallabhbhai Patel as part of a broader effort to restore sites of historical and cultural importance. The rebuilt temple was consecrated on May 11, 1951, by India's first President, Rajendra Prasad.

Over the decades, Somnath has come to represent not only a place of worship but also a symbol of cultural continuity and national memory. The Prime Minister said the temple reflected India's enduring

## Bihar bans caste-based stickers on vehicles

FAIR REPORT

**New Delhi:** The Transport Department of Bihar has issued directives prohibiting the display of caste-based words and stickers on vehicles across the state. Terms such as "Pandit", "Yadav", "Rajput", and "Bhumihar" displayed on car windows, number plates, or bumpers will now invite penalties of up to 2,000. Officials have provided vehicle owners a one-month period to voluntarily remove such markings before stricter enforcement begins. The move is aimed at discouraging caste-based identification in public spaces and promoting social harmony. Caste identifiers on vehicles have long been a visible feature of roads in Bihar, often reflecting social assertion and political identity. The administration's decision is being viewed as an attempt to curb practices seen as reinforcing caste divisions in everyday public life. While the directive has drawn support from those advocating a more neutral civic culture, questions remain over how effectively it will be implemented at the ground level. Enforcement and consistency are expected to determine the policy's long-term impact.

## No immediate Hanta virus threat to India, says ICMR-NIV

FAIR REPORT

**Jaipur:** Amid renewed public concern over emerging infectious diseases in the post-pandemic period, the Indian Council of Medical Research has sought to reassure citizens that Hanta virus currently poses no significant public health threat to India.

Dr. Naveen Kumar, Director of the National Institute of Virology, stated that the cases detected so far appear isolated and there is no evidence of sustained transmission within the country.

Experts underline that Hanta virus differs fundamentally from respiratory viruses such as COVID-19 in its mode of




transmission. The virus is primarily spread through exposure to infected rodents, their urine, saliva, or droppings. Human-to-human transmission is considered extremely rare and has not been associated with widespread community outbreaks.

Public health specialists note that the limited transmissibility of the virus substantially reduces the likelihood of large-scale spread. A pathogen that cannot efficiently move between humans is unlikely to generate pandemic conditions similar to those witnessed during the COVID-19 crisis.

Health authorities, however, continue to maintain surveillance and monitoring protocols, reflecting a broader institutional emphasis on early detection and preparedness in the aftermath of the pandemic.

For now, officials maintain that there is no cause for public alarm, while advising continued awareness regarding hygiene and rodent exposure.

## DEMOCRACY SUSPENDED IN TAMIL NADU?



*Hemraj Tikam chand Tiwari*


*By Special Feature Desk*

Democracies are supposed to function through mandates. Increasingly, Indian politics appears to function through uncertainty.

The political turbulence surrounding Vijay is beginning to resemble a familiar national pattern: when a regional leader rises rapidly, legal controversies, institutional caution, and political ambiguity suddenly converge.

The immediate flashpoint is the decision of the Madras High Court to hear a petition seeking an FIR against Vijay over a 2015 matter involving allegations of fraud, forgery, fabricated documents, and criminal conspiracy. Legally, the case remains preliminary. Allegations are not convictions. Courts admitting petitions is routine.

**But politics rarely waits for verdicts.** The




deeper issue is constitutional. If Vijay possesses the legislative support required to form government, why does uncertainty continue to dominate the transition? Under India's parliamentary system, legitimacy is determined on the floor of the Assembly — not through speculation, delayed discretion, or political interpretation of pending allegations.

The Supreme Court of India has repeatedly reinforced this principle. Governors are expected to facilitate democratic process, not become parallel centres of political judgment.

Yet the sequence now feels increasingly familiar. A leader gains momentum. Old cases resurface. Petitions accelerate. Institutions become "cautious." Media narratives amplify suspicion before courts establish facts.

Individually, each development may appear lawful. Collectively, however, they create a dangerous public perception: that institutions are no longer operating independently of political convenience.

**That perception alone damages democracy.**

Democratic systems rarely collapse overnight. More often, they erode gradually — through procedural delays, selective urgency, and the normalization of suspicion as a substitute for proof.

Tamil Nadu is no longer facing merely a political controversy. It is facing a constitutional credibility test.

If Vijay lacks majority support, let the Assembly prove it. If criminal wrongdoing exists, let courts establish it transparently. But if elected mandates require institutional comfort before being allowed to govern, democracy itself risks becoming conditional.

मंत्री झाबर सिंह खर्रा बोले- डेनमार्क जैसे देशों के सफल शहरी मॉडल राजस्थान के तेजी से बढ़ते शहरों के लिए हो सकते हैं उपयोगी साबित

# प्रदेश के शहर बनेंगे डेनमार्क जैसे, मंत्री खर्रा ने कोपेनहेगन में किया ई-गवर्नेंस का अध्ययन

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

राजस्थान के शहरों को वैश्विक स्तर की आधुनिक सुविधाओं और टिकाऊ शहरी ढांचे से जोड़ने की दिशा में राज्य सरकार ने नई पहल शुरू की है। नगरीय विकास एवं आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा की डेनमार्क यात्रा को इसी कड़ी में अहम माना जा रहा है। इस दौरे में जल संरक्षण, स्मार्ट शहरी प्रबंधन, क्लाइमेट रेजिलिएंट इंफ्रास्ट्रक्चर, ई-गवर्नेंस और अपशिष्ट जल प्रबंधन जैसे विषयों पर विस्तृत मंथन हुआ। बढ़ते शहरीकरण, जल संकट और बाढ़ जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए डेनमार्क के मॉडल को उपयोगी माना जा रहा है। UDH मंत्री झाबर सिंह खर्रा का मानना है कि वैश्विक अनुभवों और आधुनिक तकनीकों के समावेश से राजस्थान के शहर अधिक व्यवस्थित, सुरक्षित और स्मार्ट बन सकेंगे। उन्होंने बताया कि डेनमार्क जैसे देशों के सफल शहरी मॉडल राजस्थान के तेजी से बढ़ते शहरों के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं।



राजस्थान सरकार 'विकसित राजस्थान' के विजन के तहत आधुनिक और नागरिक केंद्रित शहर विकसित करने पर फोकस कर रही है। इसी क्रम में डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन और आरहूस में राजस्थान के शहरी भविष्य से जुड़े कई महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा हुई।दौरे के दौरान डेनमार्क में भारत के राजदूत मनीष प्रभात, भारतीय जल शक्ति प्रतिनिधिमंडल और डेनमार्क सरकार के विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ तकनीकी संवाद किए गए। डेनमार्क के पर्यावरण मंत्रालय में हुए मंथन के दौरान आधुनिक जल संरक्षण प्रणालियों, एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन और भविष्योन्मुखी शहरी नियोजन मॉडल का अध्ययन किया गया। इन मॉडलों ने डेनमार्क को सतत शहरी विकास के क्षेत्र में वैश्विक पहचान दिलाई है।

मंत्री ने बताया कि दौरे का एक प्रमुख हिस्सा आरहूस म्युनिसिपैलिटी ऑफिस का अध्ययन रहा, जहां ई-गवर्नेंस आधारित शहरी प्रबंधन और नवाचार केंद्रित विकास मॉडल को करीब से समझा गया। मंत्री खर्रा ने वर्षा जल संचयन और स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम का भी अवलोकन किया। इन व्यवस्थाओं को शहरी बाढ़ नियंत्रण और जल संरक्षण की दृष्टि से अत्यधिक प्रभावी माना जा रहा है। इसके अलावा 'स्टेट ऑफ ग्रीन' अध्ययन दौरे के दौरान जलवायु अनुकूल तकनीकों, आधुनिक जल आपूर्ति प्रणाली और अपशिष्ट जल प्रबंधन मॉडल का भी अध्ययन किया गया। इस दौरान यह स्पष्ट हुआ कि तकनीक, पर्यावरण संतुलन और बेहतर शहरी नियोजन के समन्वय से ही भविष्य के सुरक्षित एवं सक्षम शहर तैयार किए जा सकते हैं। राज्य सरकार का फोकस अब ऐसे शहर विकसित करने पर है, जहां स्वच्छता, जल सुरक्षा, हरित विकास और डिजिटल प्रबंधन को प्राथमिकता मिले। माना जा रहा है कि मंत्री खर्रा की यह यात्रा राजस्थान के शहरी विकास को अंतरराष्ट्रीय अनुभवों से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

## शिकायतों के प्रभावी समाधान की संस्कृति विकसित करने के दिए निर्देश

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

सामान्य प्रशासन एवं नागरिक उड्डयन विभाग के प्रमुख शासन सचिव नवीन जैन ने शुक्रवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन (181) कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर विभागीय प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि हमें प्रभावी समाधान की ऐसी संस्कृति विकसित करनी होगी, जिससे शिकायतों का निस्तारण संबंधित स्तर पर ही व्यवस्थित रूप से हो सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का त्वरित, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। परिवेदनाओं के निस्तारण के लिए सही मैपिंग, श्रेणीकरण और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अधिकतम उपयोग करते हुए सही निस्तारण किया जाए।प्रमुख शासन सचिव ने पोर्टल पर दर्ज नागौर हवाई पट्टी पर अतिक्रमण के प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए बैठक के दौरान ही नागौर कलेक्टर से इस संबंध में चर्चा की तथा नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जैन ने झुंझुनू जिले के प्रभारी सचिव होने के नाते जिले की परिवेदनाओं का भी विस्तृत विश्लेषण किया।

सीकर में खंडेला के जाजोद में ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम, रात्रि विश्राम वहीं किया

# सुबह लोग घरों से निकले तो मुख्यमंत्रीजी टहलते मिले, अपने बीच देख छाया उल्लास

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को सीकर जिले में खण्डेला के ग्राम जाजोद में ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जब किसान मजबूत होगा तो गांव, प्रदेश और देश खुशहाल बनेगा। देर तक रात्रि चौपाल लगाने के बाद मुख्यमंत्री शुक्रवार को सूरज निकलते ही फिर लोगों के बीच पहुंच गए। लोग घरों से निकले तो उन्होंने सड़क पर मुख्यमंत्री को गांव में टहलते हुए पाया।

मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर ग्रामीण खासे उत्साहित दिखाई दिए। ग्रामीणों ने कहा कि यह पहली बार है जब किसी मुख्यमंत्री ने गांव में रात्रि विश्राम कर आमजन के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं को निकटता से समझने और समाधान के प्रयास किए हैं।

मुख्यमंत्री ने गांव की गलियों में सहजता के साथ भ्रमण करते हुए मुख्यमंत्री ने बुजुर्गों, महिलाओं, किसानों, पशुपालकों, फल एवं सब्जी विक्रेताओं तथा युवाओं से संवाद किया और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का फीडबैक लिया। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों को दुलारते हुए उनकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी ली तथा उन्हें चॉकलेट वितरित की।



### खेती की पारंपरिक पद्धतियों के बारे में ली जानकारी

मुख्यमंत्री ने किसानों से स्थानीय फसलों, कृषि उत्पादों एवं खेती की पारंपरिक पद्धतियों के बारे में जानकारी लेते हुए उन्हें आधुनिक एवं उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों और नवाचारों के माध्यम से किसान अधिक उत्पादन और बेहतर आय प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार किसानों और ग्रामीणों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए संवेदनशीलता, प्रतिबद्धता और जवाबदेही के साथ कार्य कर रही है। ग्रामीणों के अभाव अभियोगों को गंभीरता से सुनते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व प्रकरणों के समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष बल देते हुए कहा कि आमजन को राहत पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### ग्रामीणों के साथ की चाय पर चर्चा

मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों के साथ चाय पी और यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान कर डिजिटल ट्रांजेक्शन को भी प्रोत्साहित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गांव का जीवन प्रकृति के निकट, शुद्धता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि शहरों की ओर पलायन की परिपाटी बदले और गांव आत्मनिर्भर विकास के सशक्त केंद्र बनें। इस अवसर पर विधायक सुभाष मील और गोरधन वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### रात्रि चौपाल में सुनी पीड़ा, सुबह शुरू हुआ विज्ञान संकाय

जाजोद गांव में गुरुवार को रात्रि चौपाल के दौरान कई छात्राओं ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि उनके राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विज्ञान संकाय की सुविधा नहीं है। उन्हें मजबूरी में अन्य विषयों से पढ़ाई करनी पड़ती



है या फिर घर से दूर जाना पड़ता है। शुक्रवार सुबह जब बालिकाएं स्कूल जाते समय मुख्यमंत्री से फिर मिलीं और अपनी मांग दोहराई, तो मुख्यमंत्री ने बताया कि विज्ञान संकाय शुरू हो चुका है। राज्य सरकार की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं। अब आप गणित एवं जीव विज्ञान दोनों में से अपनी रुचि अनुसार विषय चुनकर इसी साल से पढ़ाई कर सकती हैं।

**ब्रीफ खबरें**

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह 11 को जयपुर में

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस (11 मई) पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से जयपुर में बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ सांइटिफिक रिसर्च के ऑडिटोरियम में एक दिवसीय राज्य स्तरीय समारोह होगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की शासन सचिव डॉ. आरुषि मलिक ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा होंगे। विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा तथा मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास भी समारोह में शामिल रहेंगे। डॉ. आरुषि मलिक ने सभी शिक्षण संस्थान, नवप्रवर्तक, स्टार्टअप्स एवं आमजन को इस आयोजन में सक्रिय सहभागिता हेतु सादर आमंत्रित किया है।

11 मई, 1998 को पोखरण में ऑपरेशन शक्ति के तहत परमाणु परीक्षण किए थे। इसी की स्मृति में प्रतिवर्ष 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस भारत की वैज्ञानिक क्षमता, आत्मनिर्भरता एवं नवाचार आधारित विकास के संकल्प का प्रतीक है। इस राज्य स्तरीय आयोजन का उद्देश्य



विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार के प्रति जन-जागरुकता बढ़ाना, विद्यार्थियों एवं युवाओं को अनुसंधान एवं उद्यमिता के लिए प्रेरित करना तथा जमीनी स्तर से लेकर संस्थागत नवाचारों को मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम में राज्य के विद्यार्थी, नवप्रवर्तक, शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इसमें राष्ट्रीय नवाचार प्रतिष्ठान द्वारा चिन्हित नवप्रवर्तकों की भी सहभागिता रहेगी। समारोह में कार्यशील वैज्ञानिक एवं तकनीकी मॉडल व"सतत भविष्य हेतु प्रौद्योगिकी" विषय पर चित्रकला प्रतियोगिताएं होंगी,नवप्रवर्तको एवं विजेताओं का सम्मान होगा तथा नवाचार एवं तकनीकी प्रदर्शनी लगेगी। प्रदर्शनी में इसरो, डीआरडीओ,आईआईटी, जोधपुर, एमएनआईटी, जयपुर, बिट्स पिलानी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान भी भाग ले रहे हैं।

## अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना बनी विद्यार्थियों का सशक्त संबल

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित अम्बेडकर डीबीटी वाउचर योजना प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों (बालकों) के लिए एक सशक्त सहारा बनकर उभर रही है।विगत ढाई वर्षों में 11 करोड रुपये से अधिक व्यय कर 7314 छात्रों को योजना के तहत लाभान्वित किया जा चुका है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की इस महत्वाकांक्षी योजना के माध्यम से उन छात्रों को आर्थिक सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जो उच्च शिक्षा के लिए अपने गृह स्थान से दूर रहकर जिला मुख्यालयों पर स्थित राजकीय महाविद्यालयों में अकादमिक पाठयक्रमों में अध्ययन कर रहे हैं, तथा किराये का मकान लेकर अथवा पेईंग गेस्ट के रूप में रह रहे हैं। पूर्णतः राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित इस योजना के अंतर्गत स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर (कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय) के विद्यार्थियों को आवास, भोजन एवं बिजली-पानी जैसी आवश्यक सुविधाओं के लिए 2000 प्रतिमाह (अधिकतम 10 माह) की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इससे छात्रों को प्रति वर्ष 20 हजार तक का प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है, जो उनकी शिक्षा यात्रा को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।राज्य सरकार द्वारा योजना के तहत 5000 विद्यार्थियों को लाभान्वित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसमें अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए 1500-1500, अन्य पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के लिए 750-750 तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए 500 छात्रों को शामिल किया गया है। यह वर्गवार संतुलन सामाजिक न्याय और समान अवसर सुनिश्चित करने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## मंत्री ने किसानों, पशुपालकों से किया संवाद, बोले- किसान समृद्ध होंगे तो गांव-देश बनेगा खुशहाल

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

राज्य मंत्री गृह, गौपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्स्य विभाग एवं जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने गुरुवार को धौलपुर के ग्राम धनौरा में आयोजित ग्राम विकास चौपाल कार्यक्रम में किसानों, पशुपालकों एवं ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि किसान मजबूत होगा तो गांव, प्रदेश और देश स्वतः समृद्ध और खुशहाल बनेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार किसानों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए लगातार योजनाएं संचालित कर रही हैं, जिनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक



पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। रात्रिविश्राम के बाद बेढ़म ने अलसुबह ग्राम में पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर ग्रामीणों से आत्मीयता से मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों से आशीर्वाद लिया और उनके स्वास्थय, पेंशन एवं वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने किसानों से आधुनिक एवं वैज्ञानिक खेती अपनाने का आह्वान किया। वहीं, बच्चों से पढ़ाई के बारे में बात की, उन्हें दुरलाते हुए चॉकलेट्स और बताशे भी वितरित किए। उन्होंने महिलाओं से संवाद करते हुए अधिकाधिक संख्या में राजीविका से जुड़ने का आह्वान किया।

## फुले के जीवन से युवा लें प्रेरणा, सामाजिक जागरूकता में निभाएं सक्रिय भागीदारी

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने समाज सुधार एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने अपनी पत्नी सावित्री बाई फुले के साथ मिलकर महिला शिक्षा की अलख जगाई तथा सामाजिक जागरूकता को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार भी महिला शिक्षा, सशक्तीकरण और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए निरन्तर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने युवाओं से महात्माजी के जीवन से प्रेरणा लेकर सामाजिक जागरूकता



में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को बिड़ला ऑडिटोरियम में महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयन्ती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने फुले की 200वीं जयंती पूरे देश में दो वर्ष तक मनाने का निर्णय लिया है। इसकी शुरुआत 11 अप्रेल से हो चुकी है। इसके लिए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समिति का गठन किया है। उन्होंने भूपेन्द्र सैनी को समिति में शामिल किए जाने पर शुभकामनाएं दीं।

## पोषाहार व्यवस्था की समीक्षा, डिप्टी सीएम ने दिए आवश्यक निर्देश

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री तथा महिला एवं बाल विकास मंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को सचिवालय में महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर प्रदेश के आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं धात्री माताओं को उपलब्ध कराए जा रहे पोषाहार की गुणवत्ता, वितरण व्यवस्था और पोषण संबंधी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान दिया कुमारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक आंगनवाड़ी केन्द्र पर निर्धारित मानकों के अनुरूप स्वादिष्ट, गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक आहार समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि पोषाहार वितरण प्रणाली में पारदर्शिता, नियमित मॉनिटरिंग और स्वच्छता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है।

विधानसभाध्यक्ष ने किया शहर की तीसरी बड़ी झील चौरसियावास का अवलोकन,सौन्दर्यकरण पर खर्च होंगे 5 करोड़

# अजमेर भी होगा झीलों की नगरी, विकास का रोड मैप तैयार

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

अजमेर शहर को झीलों की नगरी के रूप में नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए शहर की तीसरी बड़ी झील चौरसियावास तालाब के समग्र विकास का रोडमैप तैयार किया गया है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने चौरसियावास तालाब क्षेत्र का निरीक्षण कर विकास कार्यों की रूपरेखा का अवलोकन किया।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि आनासागर और वरूण सागर के बाद अब चौरसियावास तालाब का भी व्यापक कायाकल्प किया जाएगा। लगभग 5 करोड़ रुपए की लागत से तालाब क्षेत्र में



सौन्दर्यीकरण, आकर्षक लाइटिंग एवं पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जाएगा, जिससे यह क्षेत्र शहरवासियों और पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण का केन्द्र बनेगा।

उन्होंने बताया कि तालाब की चारदीवारी को सुरक्षित एवं व्यवस्थित किया जाएगा तथा आसपास हुए अतिक्रमणों को हटाने की कार्यवाही भी की जाएगी। इसके साथ ही झील के भराव क्षेत्र के चारों ओर स्पष्ट सीमा निर्धारित कर संरक्षित क्षेत्र विकसित किया जाएगा, ताकि भविष्य में जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखा जा सके। देवनानी ने कहा कि तालाब को इस तरह से विकसित किया जाएगा कि शहर और बाहर से आने वाले लोगों को आनासागर, वरूण सागर के बाद घूमने के लिए एक और विकल्प मिल सके।

देवनानी ने निर्देश दिए कि तालाब क्षेत्र के अतिक्रमण सख्ती से हटाए जाएं। यहां तालाब की मिट्टी निकाल कर गहरा किया जाए ताकि बोटिंग का विकल्प विकसित हो। इसके साथ ही गार्डन, लाइटिंग और वॉक वे के साथ ही छोटा कैफेटेरिया भी प्रस्तावित किया जाए। यहां पानी के भराव और निकास के लिए आवक-जावक के रास्ते भी विकसित किए जाएं। डेकोरेटिव लाइट, जेट फाउंटेन और अन्य सुविधाएं भी विकसित होंगी। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी के सतत मार्गदर्शन एवं निर्देशों के तहत अजमेर विकास प्राधिकरण (एडीए) द्वारा जिले में जलस्त्रोतों के संरक्षण एवं आधारभूत विकास से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों को गति दी गई है। अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा चौरसियावास तालाब के सौन्दर्यीकरण, जीर्णोद्धार एवं अन्य विकास कार्यों के लिए राशि स्वीकृत की गई है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों की विस्तृत कार्ययोजना शीघ्र तैयार कर समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को जल्द इसका लाभ मिल सके।

## बारिश में न रहे कोई भी स्कूल जर्जर, सरकारी स्कूलों का होगा कायाकल्प

**FAIR REPORT**

**जयपुर**

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि बारिश का समय नजदीक है। शहर के किसी भी स्कूल में कोई भवन या कक्ष जर्जर ना रहे। बच्चों को हर तरह के खतरे से दूर रखा जाएगा। देवनानी ने अजमेर जिले में विभिन्न राजकीय विद्यालयों में लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नवीन कक्षा-कक्षों के निर्माण कार्यों का शुभारम्भ किया। विधानसभा अध्यक्ष ने महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय रामनगर में 44.82 लाख रुपये की लागत से बनने वाले तीन नवीन कक्षा-कक्षों के निर्माण कार्य का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विद्यालयों में



विद्यार्थियों के बैठने की पर्याप्त और बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों का शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम ही उपलब्धि नहीं माना जाना चाहिए। इसके साथ विद्यालय में शत प्रतिशत विद्यार्थियों के 60 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने का लक्ष्य निर्धारित करने को कहा। प्रत्येक विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देना आवश्यक है। ग्रीष्मकालीन अवकाश में भी शिक्षक विद्यार्थियों को अतिरिक्त समय देकर उन्हें बेहतर मार्गदर्शन प्रदान करें।

# RAJASTHAN



## ब्रीफ खबरें

### टेंट में से मासूम को उठा ले गया कुत्तों का झुंड, नोच कर मार डाला



**झालावाड़।** शहर से एक ऐसी हृदयविदारक घटना सामने आई है, जिसने मानवीय संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया है। शहर के भाटिया वर्कशॉप इलाके में शुक्रवार की सुबह काल बनकर आए आवारा कुत्तों के एक झुंड ने दो साल की मासूम बच्ची को अपना निवाला बना लिया। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत और प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश देखा जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मृतक बच्ची का नाम गौरी था। वह अपने पिता राजू लाल और परिवार के साथ भाटिया वर्कशॉप के पास एक अस्थायी टेंट में सो रही थी। सुबह करीब 6 बजे जब सूरज की पहली किरण भी ठीक से नहीं निकली थी और परिवार गहरी नींद में था तभी अचानक 7-8 खूंखार कुत्तों का झुंड वहां आ धमका। कुत्ते टेंट के बाहर सो रही मासूम गौरी को जबड़े में दबोचकर करीब 50 मीटर दूर घसीटते हुए ले गए। बच्ची की चीख सुनकर पिता राजू लाल की नींद खुली। उन्होंने अपनी आंखों के सामने कुत्तों को अपनी लाड़ली को ले जाते देखा तो उनके होश उड़ गए। वह बदहवास होकर कुत्तों के पीछे दौड़े और किसी तरह उन्हें खदेड़कर बच्ची को उनके चंगुल से छुड़ाया। खून से लथपथ बच्ची को तुरंत एसआरजी अस्पताल ले जाया गया जहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद मासूम को मृत घोषित कर दिया।

### 3.88 करोड़ की ठगी का खुलासा, जोधपुर से 3 आरोपी किए गिरफ्तार




**जोधपुर।** कोटा साइबर थाना पुलिस ने करोड़ों रुपए की साइबर ठगी के एक बड़े मामले में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पुलिस ने निवेश के नाम पर हुई 3 करोड़ 88 लाख रुपए की धोखाधड़ी के प्रकरण में तीन और आरोपियों को जोधपुर से गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक कुल 11 आरोपी पुलिस की गिरफ्त में आ चुके हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि पकड़े गए तीनों आरोपी राहिल मोदी, आसिफुरहमान और वकील मोदी जोधपुर के निवासी हैं। जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों से पता चला कि ठगी की गई मोटी रकम राहिल मोदी और आसिफुरहमान के बैंक खातों में ट्रांसफर की गई थी। वहीं, तीसरे आरोपी वकील मोदी की भूमिका इन दोनों के खातों में पैसे जमा करवाने और लेन-देन के प्रबंधन में पाई गई है। यह पूरा मामला करीब 6 महीने पहले शुरू हुआ था। ठगों ने कोटा निवासी अनिल काला को ऊंचे रिटर्न और इन्वेस्टमेंट का झांसा देकर अपने जाल में फंसाया था। धीरे-धीरे करके आरोपियों ने उनसे कुल 3 करोड़ 88 लाख ऐंठ लिए।

### युवक की हत्या के मामले में अब समाज ने खोला न्याय के लिए मोर्चा



**भीलवाड़ा।** जिले के बड़लियास निवासी और वर्तमान में शहर तिलक नगर में रह रहे वाल्मीकि समाज के होनहार युवक रवि लोट की नृशंस हत्या के मामले में अब समाज ने न्याय के लिए मोर्चा खोल दिया है। वाल्मीकि महापंचायत द्वारा पुलिस अधीक्षक को सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि 2 अप्रैल 2026 को सोनी हॉस्पिटल के पास अपराधी दिलीप सिंह भाटी और अन्य असामाजिक तत्वों ने योजनाबद्ध तरीके से रवि की चाकू घोंपकर निर्मम हत्या कर दी थी।परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद तहसीलदार और पुलिस प्रशासन ने मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई का मौखिक आश्वासन दिया था, जिसके भरोसे पर ही शव का पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार किया गया, लेकिन अभी तक वे वादे पूरे नहीं हुए हैं। समाज ने पीड़ित परिवार के लिए उचित मुआवजा राशि दिलाने,मृतक की माता के नाम पर लिए गए बैंक ऋण को माफ करने,एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने के साथ ही अपराधियों के अवैध मकानों पर बुलडोजर चलाकर कठोरतम कार्रवाई करने की मांग की है। महापंचायत ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही न्याय नहीं मिला और आश्वासनों पर अमल नहीं हुआ, तो समाज पूरे प्रदेश में उग्र आंदोलन करने को विवश होगा।

### मंगलाष्टक पर आयोजित परीक्षा बन गई ज्ञान की प्रेरणादायी संगम



**भीलवाड़ा।** शहर के आर के कॉलोनी स्थित दिगम्बर जैन मंदिर में शुक्रवार को श्रुतशाला में "मंगलाष्टक" विषय पर आयोजित अध्ययन परीक्षा श्रद्धा, ज्ञान और संस्कारों का प्रेरणादायी संगम बन गई। पट्टाचार्य विशुद्ध सागर महाराज के शिष्य प्रणीत सागर महाराज के सान्निध्य में आयोजित इस परीक्षा में समाज के विभिन्न आयु वर्गों के 40 से अधिक श्रावक-श्राविकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा की विशेष बात यह रही कि इसमें 16 वर्षीय शौर्य लुहाड़िया से लेकर 76 वर्ष से अधिक आयु के समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष एन.सी. जैन तक ने सहभागिता निभाई। विगत 15 दिनों से श्रुतशाला में "मंगलाष्टक" का नियमित अध्ययन, व्याख्यान एवं अभ्यास कराया जा रहा था। अध्ययन पूर्ण होने के बाद प्रतिभागियों के ज्ञान का मूल्यांकन करने के लिए लिखित परीक्षा आयोजित की गई। इसमें मृदुला सेठी ने प्रथम जबकि नीना पंचोली द्वितीय एवं सीए विपिन जैन तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार शौर्य लुहाड़िया ने चतुर्थ तथा सुहानी ने पंचम स्थान हासिल किया।

# 11 हजार से ज्यादा अभ्यर्थियों की भर्ती परीक्षा आज से, चित्तौड़गढ़ में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

### दो दिन में 35 परीक्षा केंद्रों पर होगी लैब असिस्टेंट भर्ती परीक्षा; बायोमेट्रिक जांच, फेस रिकग्निशन और CCTV निगरानी रहेगी

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़-** जिले में 9 और 10 मई को आयोजित होने वाली लैब असिस्टेंट भर्ती परीक्षाओं को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। दो दिनों में होने वाली इन परीक्षाओं में कुल 11,318 अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा, निगरानी और तकनीकी व्यवस्थाओं को लेकर सख्त इंतजाम किए गए हैं। शनिवार को लैब असिस्टेंट भूगोल सीधी भर्ती परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगी। इसके लिए जिले में 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 9 राजकीय और 6 निजी केंद्र शामिल हैं। इस परीक्षा में 4,822 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इनमें 2,784 अभ्यर्थी राजकीय केंद्रों और 2,038 निजी केंद्रों पर परीक्षा देंगे। अभ्यर्थियों को सुबह 10 बजे तक ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा।रविवार को लैब असिस्टेंट एवं कनिष्ठ लैब असिस्टेंट विज्ञान संयुक्त भर्ती परीक्षा आयोजित होगी। इसमें पहला पेपर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरा पेपर दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगा। इस दिन जिले में कुल 20 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 13 राजकीय और 7 निजी केंद्र शामिल हैं। परीक्षा में 6,496 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इनमें 3,976 अभ्यर्थी राजकीय और 2,520 निजी केंद्रों पर परीक्षा देंगे। रविवार को सुबह 9 बजे के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। परीक्षा कंट्रोल रूम प्रभारी ओमप्रकाश पालीवाल के अनुसार, शनिवार को 8 उपसमन्वयक, 3 उड़नदस्ते, 21 पर्यवेक्षक और 618 वीक्षक नियुक्त किए गए हैं। वहीं रविवार को 20 उपसमन्वयक, 4 उड़नदस्ते, 27 पर्यवेक्षक और 507 वीक्षक तैनात रहेंगे। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पुलिस जाब्ता मौजूद रहेगा। साथ ही हर केंद्र पर एक पुरुष और एक महिला पुलिसकर्मी की विशेष ड्यूटी लगाई गई है। परीक्षा के दौरान अभ्यर्थियों की जांच एचएचएमडी मशीन से फ्रिस्किंग, बायोमेट्रिक उपस्थिति, फेस रिकग्निशन और अंगूठे के सत्यापन के जरिए की जाएगी। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। तकनीकी व्यवस्थाओं का संचालन राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। प्रशासन ने परीक्षा के लिए ड्रेस कोड भी निर्धारित किया है। अभ्यर्थियों को जींस, फुल स्लीव कपड़े, ज्वेलरी और किसी भी प्रकार की धातु वस्तु पहनकर आने की अनुमति नहीं होगी। केवल साधारण पैंट, कुर्ता-पायजामा और हाफ स्लीव कपड़े ही मान्य होंगे। प्रशासन ने अभ्यर्थियों से समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचने और सभी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। जिले में आगामी दो माह तक राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की अन्य बड़ी परीक्षाएं भी आयोजित होंगी। इनमें 28 जून को वनपाल-फॉरेस्ट गार्ड भर्ती परीक्षा और 5 जुलाई को एलडीसी-कनिष्ठ सहायक परीक्षा प्रस्तावित है। 9 मई को आयोजित लैब असिस्टेंट भूगोल परीक्षा के लिए चित्तौड़गढ़ शहर में शहीद मेजर नटवर सिंह शक्तावत राउमावि, सिटी राउमावि, भामाशाह द्वारका प्रसाद काबरा राउमावि पुरुषार्थी, मंगरावि स्टेशन राउमावि, राजकीय गर्ल्स कॉलेज गांधीनगर, मेवाड़ गर्ल्स कॉलेज, श्री भुवन भानु जैन सीनियर उमावि, सेंट्रल एकेडमी, विद्या निकेतन बालिका उमावि, सेंट पॉल उमावि और एलबीएस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय प्रतापनगर सहित कई केंद्र बनाए गए हैं। जबकि सेती, बोझुंदा, पुठोली और भोईखेड़ा में भी केंद्र निर्धारित किए गए हैं। 10 मई को होने वाली विज्ञान परीक्षा के लिए शहर क्षेत्र में 14 और बाहरी क्षेत्रों में 6 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें महाराणा प्रताप पीजी कॉलेज, डाइट, बिड़ला शिक्षा केंद्र, एल्विस अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सहित कई संस्थानों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वहीं चंदेरिया, अरणियापंथ, सेती, पुठोली और भोईखेड़ा क्षेत्रों में भी परीक्षा केंद्र रहेंगे।

### लोकसभा अध्यक्ष ने की विभिन्न विभागों के साथ समीक्षा बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

# बिरला बोले-हर विभाग की जवाबदेही तय हो

FAIR REPORT

कोटा

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कोटा के सीएडी सभागार में कोटा-बूंदी क्षेत्र के पुलिस प्रशासन, जिला प्रशासन, नगर निगम एवं कोटा विकास प्राधिकरण के अधिकारियों की बैठक ली, विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली, जनसुनवाई, शिकायत निस्तारण एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए। श्री ओम बिरला ने कहा कि शासन-प्रशासन का उद्देश्य केवल कार्यालय संचालन नहीं बल्कि आमजन में यह विश्वास स्थापित करना है कि उसकी बात सुनी जाती है, उसका सम्मान होता है और उसकी समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से किया जाता है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग आम जन की समस्याओं के समाधान की प्रक्रियाओं को अधिकतम सरल, पारदर्शी एवं त्वरित बनाने की दिशा में तय समय में कार्य करें। बिरला ने पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने और पेयजल से जुड़े प्रोजेक्ट्स को समय पर पूरा करने के भी निर्देश दिए।



**घर तक पहुंचे प्रमाण पत्र:** लोकसभा अध्यक्ष ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र लोगों को घर पर ही पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जन्म-मृत्यु अथवा अन्य प्रमाण पत्रों से संबंधित आवेदन अधिकतम 48 घंटे के भीतर निस्तारित किए जाएं। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष सर्वे एवं शिविर लगाकर छूटे हुए लोगों के प्रमाण पत्र त्वरित गति से बनाए जाएं। जनसंवाद के दौरान यह सामने आया है कि कई घुमंतू परिवारों के लोगों के जन्म प्रमाण पत्र कभी बने ही नहीं, जिसके कारण वे विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। अभियान चलाकर इन्हें राहत दें।

**प्रभावी निगरानी व्यवस्था के निर्देश:** बिरला ने निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत के लिए प्रभावी निगरानी व्यवस्था विकसित करें तथा जोनवाईज सेनेटरी इंस्पेक्टर नियमित रूप से वार्डों में भ्रमण करें। जहां भी सफाई, नाली, बिजली अथवा अन्य नागरिक समस्याएं सामने आएं, उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कैथून सहित अन्य क्षेत्रों में नगर निगम के उप कार्यालय स्थापित किए जाएं, जहां पानी, बिजली, सफाई एवं अन्य सेवाओं से जुड़ी पूरी टीम उपलब्ध रहे। इन कार्यालयों में आमजन को तुरंत समाधान एवं संतोषजनक जवाब मिले। डिप्टी कमिश्नर स्तर के अधिकारी सप्ताह में एक दिन इन कार्यालयों में बैठना सुनिश्चित करें जिससे ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को छोटी समस्याओं के लिए शहर के चक्कर नहीं लगाने पड़ें। बिरला ने कोटा विकास प्राधिकरण एवं प्रशासनिक अधिकारियों की समीक्षा में निर्देश दिए कि अतिक्रमण नियंत्रण के लिए विशेष पेट्रोलिंग टीमें गठित की जाएं। संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों की जवाबदेही तय की जाए।

### नशे-चोरी पर हो सख्त कार्रवाई

लोकसभा अध्यक्ष ने पुलिस अधिकारियों को कोटा में अपराध, नशे एवं अवैध गतिविधियों को जड़ से समाप्त करने के लिए व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि शहर में हो रही लाइट एवं अन्य सरकारी संपत्तियों की चोरी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक पंचायत भवन समाधान केंद्र के रूप में कार्य करे, जहां सप्ताह में एक बार पटवारी एवं ग्राम विकास अधिकारी संयुक्त रूप से उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करें। उपखंड स्तर पर एसडीएम सभी विभागों के साथ नियमित समीक्षा कर यह सुनिश्चित करें कि आमजन की समस्याओं का समाधान अधिक सरल एवं त्वरित तरीके से हो। बैठक में पुलिस अधीक्षक कोटा शहर तेजस्विनी गौतम, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुजीत शंकर, बूंदी पुलिस अधीक्षक, केडीए सचिव मुकेश चौधरी, अति. संभागीय आयुक्त ममता तिवारी सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### अब 'इंडिया' की जगह होगा 'भारत' शब्द का उपयोग



**सवाई माधोपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय,सीकर के प्रबंध बोर्ड (BOM) की बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए विश्वविद्यालय के सभी आधिकारिक दस्तावेज, वेबसाइट, लेटरहेड, प्रमाण पत्र आदि में 'इंडिया' के स्थान पर देवनागरी में 'भारत' तथा अंग्रेजी में रोमन लिपि में 'BHARAT' लिखने के प्रस्ताव को अनुमोदन प्रदान किया गया। अब विश्वविद्यालय के तमाम दस्तावेज और छात्र-छात्राओं को मिलने वाले डिग्री-प्रमाण पत्रों पर 'इंडिया' शब्द का उपयोग नहीं किया जाएगा। कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने बताया कि यह निर्णय भारतीय पहचान, भाषा और सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि 'भारत' शब्द हमारी ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और विरासत का प्रतीक है।

# दूल्हे को घोड़ी से उतारने की बात पर बढ़ा विवाद, चार गिरफ्तार

### मंदिर के बाहर हुआ विवाद, पुलिस की मौजूदगी में शांतिपूर्वक निकाली गई बिंदोली

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़-** राशमी थाना क्षेत्र के गणेशपुरा (हाड़ाखेड़ी) गांव में दलित युवक की बिंदोली के दौरान व्यवधान उत्पन्न करने के मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ शांति भंग करने की कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार शाम गांव में अनुसूचित जनजाति समुदाय के युवक की बिंदोली निकाली जा रही थी। इस दौरान कुछ लोगों द्वारा बिंदोली में व्यवधान उत्पन्न करने की सूचना मिलने पर पहले से पुलिस जाप्ता तैनात किया गया था। पुलिस के अनुसार बिंदोली शांतिपूर्वक गांव से गुजर रही थी, लेकिन जब बारात चारभुजा मंदिर के बाहर पहुंची तो कुछ लोगों ने दूल्हे को घोड़ी से उतरने के लिए कहा। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने तुरंत समझाइश कर स्थिति को नियंत्रित किया और बिंदोली को सुरक्षित गंतव्य तक पहुंचाया। गांव में रातभर गश्त के लिए भी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। मामले में एएसपी सरिता सिंह और डीएसपी शिवप्रकाश के निर्देशन में राशमी थानाधिकारी रतन सिंह और पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में देवेन्द्र सिंह उर्फ पप्पू सिंह, गणेश सिंह, भंवरपुरी गोस्वामी और प्रभुलाल जाट शामिल हैं। सभी आरोपी गणेशपुरा (हाड़ाखेड़ी) गांव के निवासी हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने और कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही आमजन से शांति और भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई है।

# कांग्रेस सेवादल संगठन मजबूती पर मंथन, बूथ स्तर तक होंगे प्रशिक्षण शिविर

### जिला कांग्रेस सेवादल की बैठक सम्पन्न, युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर

FAIR REPORT




**चित्तौड़गढ़।** जिला कांग्रेस सेवादल चित्तौड़गढ़ की संगठनात्मक बैठक शुक्रवार को स्टेशन रोड स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक राजस्थान कांग्रेस सेवादल प्रभारी गोविन्दभाई पटेल और जोन प्रभारी व प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन हटेला के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में संभाग प्रभारी विनोद दादा पाठक मौजूद रहे। अध्यक्षता जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष गौतम विजयवर्गीय ने की। बैठक का शुभारंभ वंदे मातरम् के साथ हुआ। मुख्य अतिथि गोविन्दभाई पटेल ने कहा कि कांग्रेस सेवादल पार्टी की रीढ़ की हड्डी है और संगठन की मजबूती के बिना कांग्रेस मजबूत नहीं हो सकती। वहीं मोहन हटेला ने कहा कि मंडल और बूथ स्तर तक वर्दीधारी कार्यकर्ताओं को तैयार करने के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि संगठन को और मजबूत बनाया जा सके। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव अहसान पठान ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

जिलाध्यक्ष गौतम विजयवर्गीय ने कहा कि अधिक से अधिक युवाओं और महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए जिला और ब्लॉक कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसके लिए ब्लॉक और मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं की बैठकें आयोजित कर निर्णय लिया जाएगा। बैठक में महिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सना परवीन, यंग बिग्रेड अध्यक्ष प्रभुलाल चौधरी, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सतीश शर्मा, वीएस शर्मा, दिनेश गुप्ता, कालूराम शर्मा, कैलाश खींची, राहुल शर्मा, चेतन बैरवा, हिमांशु निम्बाहेड़ा और फारूख खान सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# यूरिया कालाबाजारी पर कृषि विभाग सख्त, डूंगला के उर्वरक विक्रेता का लाइसेंस निलंबित

### निरीक्षण में मिली कई अनियमितताएं, स्टॉक में भी पाया गया अंतर; जिलेभर में विशेष अभियान जारी

FAIR REPORT




**चित्तौड़गढ़।** जिले में यूरिया की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए कृषि विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में डूंगला क्षेत्र में एक उर्वरक विक्रेता प्रतिष्ठान पर औचक निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं मिलने पर उसका लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) जिला परिषद चित्तौड़गढ़ डॉ. शंकर लाल जाट ने बताया कि 7 मई की शाम संयुक्त निरीक्षण दल ने डूंगला स्थित मैसर्स राजमल मोहनलाल दाणी उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में सहायक निदेशक कृषि (मुख्यालय) मुकेश कुमार धाकड़ एवं कृषि अधिकारी (प्रशिक्षण) गोपाल लाल शर्मा शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान पर कई अनियमितताएं सामने आईं। विभागीय टीम को निर्धारित प्रारूप में मूल्य सूची और स्टॉक रजिस्टर उपलब्ध नहीं मिला। स्टॉक रजिस्टर प्राधिकृत अधिकारी से प्रमाणित भी नहीं था। इसके अलावा उर्वरक अनुज्ञापत्र प्रदर्शित नहीं किया गया था तथा विक्रय किए गए उर्वरकों का रिकॉर्ड भी संधारित नहीं पाया गया। जांच में गोदाम से उर्वरक विक्रय किए जाने और मौके पर उपलब्ध स्टॉक में अंतर मिलने की बात भी सामने आई। मामले को गंभीर मानते हुए सहायक निदेशक कृषि (मुख्यालय) ने प्रतिष्ठान के उर्वरक अनुज्ञापत्र निलंबन की अनुशंसा की। इसके आधार पर 8 मई 2026 को मैसर्स राजमल मोहनलाल दाणी, डूंगला का उर्वरक अनुज्ञापत्र निलंबित कर दिया गया। डॉ. शंकर लाल जाट ने जिले के सभी आदान विक्रेताओं को निर्देश दिए हैं कि वे नियमानुसार उर्वरकों और अन्य कृषि आदानों का विक्रय करें, किसानों को अनिवार्य रूप से बिल उपलब्ध कराएं तथा सभी आवश्यक अभिलेख व्यवस्थित रूप से संधारित रखें। उन्होंने किसानों से आवश्यकता अनुसार ही उर्वरक खरीदने और अनावश्यक भंडारण से बचने की अपील भी की। विभाग के अनुसार जिले में फिलहाल पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं। वर्तमान में जिले में 22,413 मैट्रिक टन यूरिया, 4,120 मैट्रिक टन डीएपी, 4,879 मैट्रिक टन एनपीके तथा 25,012 मैट्रिक टन एसएसपी उपलब्ध है। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि उर्वरकों की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा कालाबाजारी और जमाखोरी के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# 600 Cameras Off, Whole City in Darkness... Police Solve Temple Theft Gang Case in 20 Days

## Gang involved in serial thefts at three temples, including Jain temple at fort, exposed; 5 accused arrested, Ashtadhatu idols and halos recovered

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** The series of temple thefts reported in the city during April had become a major challenge for the police. The biggest difficulty was that on the night of the main theft, the entire city faced a blackout and hundreds of CCTV cameras stopped working. Despite this, police finally exposed the temple theft gang through traditional investigation methods, informer network and continuous surveillance. So far, five accused have been arrested and the stolen Ashtadhatu idols and halos have been recovered.

Police said the case became more difficult because the theft at the ancient Mallinath Jain Temple inside the fort happened on the same night when the city suffered a major power failure.

Due to a blast at the 220 KV GSS, cameras connected to the Abhay Command Center stopped working. Hundreds of private CCTV cameras installed across the city were also shut down. Street lights remained off and the entire city was in darkness, leaving police without any video footage for investigation.



### Big Challenge for Police Without CCTV Footage

Despite no technical support, police continued surveillance and traditional policing for nearly 20 days and finally traced the gang. Along with five arrests, police recovered Ashtadhatu idols of Lord Shantinath and Lord Mahavir Swami along with three halos. Search for other accused and remaining stolen items is still going on.

Superintendent of Police Manish Tripathi said the first theft took place on the night of April 16-17 at Mallinath Jain Temple near Kirti Stambh inside the fort. Thieves stole Ashtadhatu idols, silver umbrellas, throne and cash from the donation box.

Later, on the night of April 26-27, thieves broke the lock of Rameshwar Mahadev Temple in Kailash Nagar and stole silver umbrellas and donation box cash. Again, on the night of April 29-30, thieves targeted Dwarkadheesh Temple at Chamtikheda and stole a silver umbrella, silver Vaikunthi and a silver cow. The continuous thefts created fear and anger among local residents.

Considering the seriousness of the matter, SP Manish Tripathi and Additional SP Sarita Singh inspected the crime scenes. FSL and MOB teams were also involved in the investigation. Later, a special team was formed under the supervision of DSP Brijesh Singh and led by Kotwali SHO Tulsiram Prajapat.



### Barking Dog Became First Clue in Investigation

Police were continuously checking CCTV footage and collecting information from different sources regarding the Jain temple theft. According to sources, while examining CCTV footage from Manpura main road behind the fort, police noticed a dog barking continuously towards the fort around 4 am on the same night. This raised suspicion among investigators. Police then checked nearby cameras and spotted some suspicious youths riding three different motorcycles. Based on this clue, teams started investigation in villages and routes including Putholi and Ajoliya Ka Kheda, where important leads were found. During investigation, police came to know that Mithulal Nayak, a resident of Pemdia Ka Kheda, had been living in a rented room in Divakar Nagar, Chittorgarh, and suspicious youths frequently visited him late at night. Police then started secret surveillance on him. During questioning, the entire temple theft gang was exposed. Police traced the network by analysing locations of accused, vehicle movements and their activities during the incidents. During interrogation, the accused confessed to several temple thefts in Chittorgarh as well as Udaipur district.

### 5 Accused Arrested, Several Still Absconding

According to police, Mithulal Nayak, Kanha alias Kanhaiya Nayak, Prakash Kharol, Devilal Rawat, Rajmal alias Raju Kamad and Kishan Lohar were involved in the Mallinath Jain Temple theft. In the Rameshwar Mahadev Temple theft, Mithulal, Kanha, Prakash Kharol, Himmat Salvi and Ishwar Nayak were involved. Meanwhile, Himmat Salvi, Ghanshyam Nayak and Kajal alias Manisha Dhangar were found involved in the Dwarkadheesh Temple theft. Police have so far arrested Mithulal Nayak, Kana alias Kanhaiyalal, Rajmal alias Raju Kamad, Prakash Kharol and Himmat Salvi. Search is on for Devilal Rawat, Kishan Lohar, Ishwar Nayak, Ghanshyam Nayak and Kajal alias Manisha Dhangar. Police described Kajal's role as suspicious. Investigation also revealed that some arrested accused already had cases registered against them under theft, Arms Act and NDPS Act. Several absconding accused also have criminal records.

### Guards Were Sleeping, No CCTV Inside Temple

SP Manish Tripathi said there were no CCTV cameras installed inside the Jain temple, while the guards outside were asleep during the theft. Because of this, the case had become a complete "blind case". He appealed to temple committees to strengthen security arrangements, install CCTV cameras and improve guard monitoring.

Constables Prahlad and Sunil Chaudhary from Kotwali police station and Balwant Singh from Sadar police station played an important role in solving the case. The operation was carried out under the leadership of Kotwali SHO Tulsiram Prajapat. ASI Rajkumar Soni and Constable Ramavatar Meena from the Cyber Police Station also assisted in the investigation. Police are still trying to recover the remaining stolen items and arrest the absconding accused.

---

Sainik School Chittorgarh Wins IPSC Football Championship

# Host team shines in Under-14 girls tournament, defeats teams from across India

FAIR REPORT

**Chittorgarh-** The All India IPSC Football Tournament (Under-14 Girls Category) concluded on Friday at Sainik School Chittorgarh in an exciting atmosphere. The three-day national-level tournament saw participation from seven prestigious school teams from different states. Host team Sainik School Chittorgarh won the championship with an impressive performance and secured 12 points. The tournament was organized under the guidance of School Principal Colonel Anil Dev Singh Jasrotia. District Collector and Magistrate Dr. Manju attended the closing ceremony as the chief guest. Acting Principal Lieutenant Colonel Parul Shrivastava and Administrative Officer Major C. Sreekumar welcomed the chief guest. School PRO Babulal Shivran said that teams from Haryana, Madhya Pradesh, Telangana, Himachal Pradesh and Rajasthan participated in the tournament. Players displayed discipline, teamwork and excellent football skills during the matches. In the final standings, Sainik School Chittorgarh finished first. Motilal Nehru School of Sports, Rai (Haryana) became runner-up, while Vidya Devi Jindal School, Hisar secured third position. Cadet Kishori Pandey of Sainik School Chittorgarh was named "Best Player of the Tournament" for her outstanding performance. Mansi from Motilal Nehru School of Sports received the "Best Goalkeeper" award. Chief guest Dr. Manju praised the players for their enthusiasm and sportsmanship. She said sports help develop discipline, leadership and self-confidence. She also said that winning and losing are part of the game, but sportsmanship is most important. IPSC observer Rajesh Ojha was present during the event. Lokesh Bunkar, Suresh Chandra Nayak, Mohammad Shakeel, Jagdish Samdani, Kamlesh Kumar Somani and Shankar Lal Khatik served as referees. Teacher Chandra Prakash Goyal coordinated the tournament. At the end, the chief guest awarded the championship trophy to the winning team.



### Gujarat: Illegal international call centre targeting US citizens busted

**Ahmedabad:** The Ahmedabad Police on Thursday busted an illegal international call centre operating from a residential flat in the Naroda area, allegedly involved in defrauding United States citizens by posing as representatives of a fictitious loan company and collecting fraudulent processing fees. The raid was carried out by the Naroda police following specific intelligence received during patrolling near Karaikat Cross Roads. A police team led by Sub-Inspector V.R. Chaudhary, under the supervision of senior officers, conducted a search operation at Flat No. 607 in Aatrey Ivaan-3 society in the presence of independent panch witnesses and in accordance with legal procedures. Police said one individual, identified as Krunal Chawla, was initially found at the premises. Three of the accused were seated on a bed using laptops, while two others were working nearby on similar devices. Investigators said the accused allegedly impersonated employees of a company named "Advance America" to target American citizens.

# Mamata Banerjee disrespected Constitution by refusing to resign: R. Ashoka

FAIR REPORT



**Bengaluru**: Karnataka Leader of the Opposition R. Ashoka on Thursday alleged that Trinamool Congress supremo Mamata Banerjee had shown disrespect to the Constitution by refusing to resign as chief minister, and said that if she had any grievance, she should approach the court instead of resorting to violence. Speaking to reporters in Bengaluru, Ashoka alleged that Banerjee was insulting the Constitution. "By saying she will not resign, she is disrespecting the Constitution. She wants to create a new drama by asking others to dismiss her. She does not understand the law or the Constitution," he claimed.

He further alleged that Banerjee was "sticking to the Chief Minister's chair with Fevicol". "Any Chief Minister with dignity would resign and leave office. The CM's post must be treated with respect. She wants riots to happen. That is why TMC leaders murdered Chandranath Rath," he alleged. Ashoka claimed that Banerjee wanted to control the entire state single-handedly and said that even if she did not resign, her powers would automatically cease after the dissolution of the current Assembly. "She is behaving with the arrogance of power, believing she alone should continue as Chief Minister. Despite being CM for such a long time, she lacks basic sense, and people have understood that," he said.

He questioned how Banerjee would have reacted if previous leaders, who ruled for 30 years, had behaved in a similar manner. "If she has any issue, she should go to court. In the case relating to D.N. Jeevaraj, we too approached the court. Legal battles should be fought this way, not through murders," he said. Leader of the Opposition in the Karnataka Legislative Council Chalavadi Narayanaswamy also criticised the Congress, alleging that after actor-politician C. Joseph Vijay-led Tamilaga Vettri Kazhagam (TVK) secured more seats in Tamil Nadu, the Congress had "overnight" approached the party seeking ministerial positions.

Speaking to reporters at the BJP state office Jagannath Bhavan, Narayanaswamy alleged that despite being a national party, the Congress had been reduced to a humiliating position.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com